HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - बाबूगढ़ दिनांक 25-04-2026

ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 11 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को अथक प्रयास कर सकुशल बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द ।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 24.04.2026 को मौहल्ला पीरबाबुद्दीन निवासी एक महिला ने थाना बाबूगढ़ पर आकर सूचना दी कि उसका 11 वर्षीय बच्चा अचानक गुम हो गया है, जिसको काफी तलाश किया गया, परन्तु नही मिल सका। उक्त सूचना पर थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदा बच्चे की तलाश हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 11 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को अथक प्रयास कर बाबूगढ़ रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. म0उ0नि0 आईशा सिंह थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।
2. म0है0का0 106 रजनीश थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।